दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार, 05 अप्रैल 2022
www.nyaysakshi.com

महत्वपूर्ण एवं खास

लू से बचाव के लिए सतर्क रहने स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाईजरी

रायगढ़। स्वास्थ्य विभाग ने लू पर अलर्ट जारी किया है। जिसमें इस साल मई माह के दौरान छ.ग. सहित अन्य राज्यों में सामान्य से अधिक तापमान होने की संभावना है। इसमें लू लगने की संभावना भी अधिक होती है, इससे बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने हेतु एडवाईजरी जारी किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्कता बरतने एवं प्रारंभिक उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. केसरी ने बताया कि घर पर भी प्रारंभिक उपचार की जा सकती है, जैसे तेज बुखार आने पर सिर में ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, पानी व तरल पदार्थ अधिक लें, फिर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लू के मरीजों के लिए उपचार की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओरल रिहाईड्रेशन थेरेपी कार्नर की स्थापना की गई है।

घातक भी हो सकता है लू- जिला नोडल अधिकारी डॉ. योगेश पटेल ने बताया कि तेज धूप के कारण लू की आशंका ज्यादा हो जाती है, लू के कारण अगर शरीर का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाये तो कभी-कभी ये घातक व जानलेवा भी हो सकती है। उन्होंने लू के लक्षण के बारे में बताया कि तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द एवं भारीपन, उल्टी आना, मुंह सूखना, शरीर में पसीना न आना, भूख कम लगना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, पेशाब कम आना आदि लू के प्रारंभिक लक्षण होते हैं।

बचाव के उपाय- स्वास्थ्य विभाग के महामारी नियंत्रण इकाई के एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ.कल्याणी पटेल ने अपील की है कि लू के लक्षण, बचाव व उपचार की जानकारी रहने से एवं सावधानी रखने से काफी हद तक लू के चपेट से बचा जा सकता है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप व शरीर में पानी की कमी है। सामान्यत: दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप तेज होती है इस दौरान संभव हो सके तो धूप में जाने से बचे। धूप में जाना आवश्यक हो तो सिर और कानों को कॉटन (सूती) के कपड़े से अच्छी तरह ढंक लें और पानी अधिक मात्रा में पियें। खाने में फल, जूस, दही एवं अन्य तरल पदार्थों आदि भी अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें।

एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा परिणाम जारी, 11 अप्रैल तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

रायगढ़। एकलव्य विद्यालयों की कक्षा 6 वीं वर्ष 2022-23 में चयन प्रवेश परीक्षा 3 अप्रैल 2022 को परीक्षा केन्द्र आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रायगढ़ में आयोजित की गयी थी। जिसमें उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन पश्चात परीक्षा परिणाम प्राप्तांक सूची तैयार किया गया है। जिसे विद्यार्थियों के प्राप्तांक का अवलोकन एवं दावा-आपत्ति हेतु 11 अप्रैल 2022 तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में चस्पा किया गया है। निर्धारित तिथि तक विद्यार्थी द्वारा अपना परीक्षा परिणाम का अवलोकन कर दावा-आपत्ति प्रस्तुत किया जा सकता है।

फर्नीचर गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

कांकेर (आरएनएस)। जिले के नरहरपुर ब्लॉक के सरोना बाजार में बीती रात एक फर्नीचर गोदाम में आग लग जाने से लाखों के सामान जलकर खाक हो गया। दो फायर ब्रिगेड और एक जेसीबी मशीन के मदद से आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी से लगभग 27 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सरोना बाजार में ऋषभ केकती की प्रिया फर्नीचर हाउस के नाम पर बड़ा शो-रूम है। सामने दुकान और पीछे गोदाम है। शनिवार देर शाम गोदाम से धुआं उठा तो एक राहगीर ने शो रूम मालिक को फौरन इसकी सूचना दी।

अलग-अलग स्थानों पर सट्टा-पट्टी लिखते पकड़े गए पांच आरोपी, लाखों के सट्टा पट्टी के साथ नकद ₹17,350 जब्त

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर सभी थानाक्षेत्रों में जुआ- सट्टा पर अभियान चलाकर कार्रवाई किया जा रहा है।

एसपी मीणा के निर्देशन पर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक विजय पैकरा द्वारा क्षेत्र में जुआ–सट्टा पर अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 04.04.2022 के शाम टीआई धरमजयगढ़ के नेतृत्व में धरमजयगढ़ स्टाफ द्वारा सट्टा पट्टी के विरुद्ध अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही किया गया जिसमें प्रेमनगर, धर्मजयगढ़ कॉलोनी, शाहपुर, मस्जिद पारा में सट्टा पट्टी लिखते 5 आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया है जिनसे कुल 17,350 रुपए एवं लाखों की सट्टा पट्टी की जब्ती की गई है। थाना धरमजयगढ़ में आरोपियों पर धारा 4-क छत्तीसगढ़ सट्टा एक्ट अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

पकड़े गये आरोपी-

(1) विश्वजीत बाला पिता प्रदीप बाला उम्र 32 वर्ष निवासी प्रेमनगर धर्मजयगढ़

(2) विधान मंडल पिता कालीपत मंडल 24 वर्ष प्रेम नगर धर्मजयगढ़

(3) रोहित व्यापारी पिता गणेश व्यापारी उम्र 23 वर्ष निवासी धर्मजयगढ़ कॉलोनी

(4) नरेश मिस्त्री पिता हरे कृष्ण मिस्त्री 27 वर्ष निवासी शाहपुर कॉलोनी

(5) धरमजयगढ़ संदीप मंडल पिता रामचरण मंडल उम्र 28 वर्ष निवासी मस्जिद पारा धर्मजयगढ़

सट्टा रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय पैकरा, प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण कैवर्त, आरक्षक धनुर्जय चंद्र बेहरा, पुष्पेंद्र सिदार, बीरबल एवं धनेश उरांव की अहम भूमिका रही है।

लखनऊ और हैदराबाद के मैच में बॉल टू बॉल सट्टा ले आरोपी गिरफ्तार

❐ आरोपी से 4700 रुपए नगद, सैमसंग टीवी, मोबाइल तथा ₹31,000 का सट्टा पट्टी जब्त

रायगढ़। जिले में एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन पर सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे कार्यवाही में कोतवाली पुलिस टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज दिनांक 04.04.2022 को कोतवाली पुलिस द्वारा एक और आईपीएल सट्टे पर कार्यवाही किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली कि बैकुंठपुर में रहने वाला बादल सिंह राजपूत अपने मकान पर आईपीएल के लखनऊ और हैदराबाद के मैच पर ऑनलाइन बीच मोबाइल पर बॉल टू बॉल लोगों से सट्टा ले रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ को आरोपी के घर रवाना कर संकेत देने कहा गया, स्टाफ द्वारा सादी वर्दी में जाकर मुखबिर सूचना सही पाये जाने पर संकेत दिया जिसके बाद थाना प्रभारी कोतवाली अपनी टीम के साथ आरोपी को रंगे हाथ सट्टा नोट करते पकड़ा गया है। आरोपी बादल सिंह राजपूत पिता विद्या सिंह राजपूत उम्र 24 पता बैकुंठपुर वार्ड नं. 16 रायगढ़ के कब्जे से एक सैमसंग टीवी, 1 मोबाइल तथा ₹31,000 का सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। आरोपी बादल सिंह राजपूत पर थाना कोतवाली में 4-क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में टीआई कोतवाली मनीष नागर के साथ , एसआई आर.एस. तिवारी, महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर, आरक्षक अभय यादव की अहम भूमिका रही है।

लापता बालक को सारंगढ़ पुलिस ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से किया बरामद

रायगढ़। सारंगढ़ पुलिस की टीम द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से गुम बालक को रायगढ़ लाया गया जिसका आज दिनांक 04.04.2022 को न्यायालय सारंगढ़ से कथन एवं बाल कल्याण समिति से काउंसलिंग कराकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

थाना प्रभारी सारंगढ़ निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर गुम बालक/बालिकाओं की जांच, पतासाजी गंभीरतापूर्वक किया जा रहा है। इसी कड़ी में थानाक्षेत्र से दिनांक 25.01.22 को लापता हुये नाबालिग बालक (16.6 साल) के प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश में होने का पता चलने पर एसडीओपी सारंगढ़ को अवगत कराकर तत्काल प्रधान आरक्षक टीकाराम खटकर के नेतृत्व में पुलिस टीम उत्तर प्रदेश भेजा गया। पुलिस टीम को खोजबिन में गुम बालक प्रतापगढ़ में मिला जिसे साथ सारंगढ़ लाया। बालक पूछताछ में बालक बताया कि पढाई में मन नहीं लगने से घर से चला गया था, गांव के लोग प्रतापगढ़ में कामने खाने गये थे जाना पता चला था तो प्रतागढ़ चला गया था। बालक का आज न्यायलयीन कथन एवं बाल कल्याण समिति से काउंसलिंग कराकर उसके पिता के सुपुर्द किया गया है। टीआई विवेक पाटले द्वारा बालक को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए पढ़ाई की ओर ध्यान देने कहा गया, वहीं बालक के पिता को बच्चे का अच्छे से ध्यान देने कहा गया है। बालक के पिता द्वारा उसके पुत्र को खोजकर लाने पर सारंगढ़ पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

मवेशियों को झारखंड बूचड़खाने ले जा रही ट्रक के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

❐ रैरूमा पुलिस ने मवेशी मालिक सहित 3 आरोपियों पर दर्ज की पशुक्रूरता का अपराध

रायगढ़। दिनांक 03-04/2022 को रात्रि गश्त दौरान पेट्रोलिंग कर रहे चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक जेम्स कुजूर को मुखबिर से सूचना मिली कि झारखंड पासिंग ट्रक वाहन में क्रूरतापूर्वक 40-50 मवेशियों को भरकर झारखंड बूचड़खाने ले जाया जा रहा है।

चौकी प्रभारी रैरूमा द्वारा देर रात्रि पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी धरमजयगढ़ को अवगत कराकर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर लैलूंगा थाने से अतिरिक्त स्टाफ बुलाकर कई स्थानों पर चेकप्वाइंट लगाकर वाहनों की बारीकी से जांच किया जा रहा था। आज दिनांक 04.04.2022 के भोर करीब 3:30-04:00 बजे के मध्य ग्राम रैरूमाखुर्द यादव होटल के पास मेन रोड पर वाहनों को चेक कर रहे स्टाफ द्वारा ट्रक क्रमांक JH-01-AN/0438 को रोका गया। ट्रक का चालक नाम 1- वसीम अकरम पिता मोहम्मद सफीक नीर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम महरन थाना बेडो रांची (झारखंड) बताया तथा परिचालक अपना नाम 2- आतेतुल्ला रहमान पिता महरुम असीर उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चचकापी थाना बेडो रांची (झारखंड) बताया। पूछताछ में दोनों डाला अंदर रखे मवेशियों को सरसींवा(बलौदाबाजार) से रायकेरा गुमला (झारखंड) ले जाना बताएं। आरोपियों ने मवेशी मालिक कासिम अंसारी निवासी रायकेरा गुमला (झारखंड) के साथ सरसींवा से आगे पीछे निकलना बताये हैं जिस पर थाना धरमजयगढ़ चौकी रैरूमाखुर्द में तीनों आरोपियों पर पशुक्रूरता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

ट्रक के डाला में रखे 41 नग कृषक मवेशियों को सुरक्षित रखा गया है जिनको गौठान में रखने की व्यवस्था कराई जा रही है। कार्यवाही में उपनिरीक्षक जेम्स कुजूर, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक बृजेश लकडा, हेमलाल बरेठ, एलकेयुस लकडा, कन्हैया लाल भगत की अहम भूमिका रही है।

कचकोबा की रामचन्द्र मानस मण्डली बनी जिला स्तरीय रामायण पाठ प्रतियोगिता की विजेता, 50 हजार रुपये का मिला पुरस्कार

❐ विजेता मण्डली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का करेगी प्रतिनिधित्व

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के दिशा-निर्देशन में आज सांस्कृतिक भवन ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट, रायगढ़ में जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकासखण्ड स्तरीय विजेता मंडलियां शामिल हुई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखण्ड तमनार के कचकोबा की रामचंद्र मानस मण्डली विजेता बनी। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। विजेता टीम 8 से 10 अप्रैल तक शिवरीनारायण में आयोजित राज्य स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। इस मौके पर बीज निगम के सदस्य दिलीप पाण्डेय भी मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने रामायण मण्डली के कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की ग्रामीण लोक संस्कृति के संरक्षण व प्रोत्साहन की अभिनव पहल है। गांव-गांव में मानस मंडलियां विभिन्न आयोजनों में रामायण का पाठ करती है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से उन्हें एक व्यापक मंच प्राप्त हुआ है। बीज निगम के सदस्य दिलीप पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण का पाठ हमारी लोक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है, इसे आयोजन के माध्यम से गांव से लेकर पूरे प्रदेश तक मानस मंडलियों द्वारा रामायण पाठ को नयी ऊर्जा मिली है। साथ ही मानस मण्डली के लोक गायकों व वादकों को भी बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत में सहायक आयुक्त अविनाश श्रीवास ने आभार प्रदर्शन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल द्वारा किया गया।

ज्ञातव्य है कि जनपद पंचायत स्तरीय रामायण मण्डली विजेताओं को जिला स्तरीय रामायण मण्डली प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। जिसके तहत जिला स्तरीय मानस मंडली प्रतियोगिता में जिले की 9 मानस मंडलियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में सुशील सिंह, नवरतन बिंझवार एवं टी.पी.पाढ़ी शामिल थे। साथ ही उग्रसेन पटेल व भोजराम पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मंडलियों के प्रदर्शन को प्रस्तुतीकरण, मौलिकता, वाद्य यंत्र व वेशभूषा इन चार बिन्दुओं पर आंका गया। जिसमें विकासखण्ड तमनार अंतर्गत रामचंद्र मानस मण्डली कचकोबा सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए विजेता बने। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पुसौर विकासखण्ड के मारूती मानस मण्डली सरवानी बरपाली द्वितीय तथा सारंगढ़ विकासखण्ड के सारंगढ़ के मोहन मानस मण्डली झरपडीह तृतीय स्थान पर रहे। अन्य विकासखण्डों में से इनमें विकासखण्ड रायगढ़ अंतर्गत अखण्ड रामायण मण्डली लेबड़ा, बरमकेला के मानस मर्यादा मंच बार, खरसिया के रामायण मानस मण्डली नवापारा पश्चिम, घरघोड़ा के सजे मईया के दरबार रामायण मण्डली, ग्राम पंचायत कंचनपुर, लैलूंगा के मानस मण्डली कटकलिया एवं जनपद पंचायत धरमजयगढ़ अंतर्गत सांई मानस मण्डली लिप्री शामिल रहे।

पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ वर्चुअल आयोजन

रायगढ़। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार 26 मार्च से 04 अप्रैल 2022 तक कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.के.सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया की पर्यावरण ने इंसान को सबकुछ दिया है अत: इसके साथ जीवन में संतुलन बनाने के लिए दिन की शुरुआत प्रात: कालीन योगाभ्यास के साथ शुरू करना चाहिए एवं सुबह के नाश्ते में चना, हरा मुंग, फल्ली दाना एवं बादाम का सेवन करना चाहिए। दिन के भोजन में हरे सब्जी एवं हल्के भोजन लेना चाहिए जिससे शरीर को पोषण युक्त आहार मिलता रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र की विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ.श्रीमती मनीषा चौधरी ने सुपर फ़ूड के बारे में बताया की युवा वर्ग को आज के जरुरत के हिसाब से इसे आहार में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने बताया की जो भी भोजन हम लोग लेते हैं उसमें अलग-अलग प्रकार के रंगों के भोजन का शामिल होना अत्यंत आवश्यक है जैसे की दाल, चावल, पालक, सलाद इत्यादि उन्होंने सात दिन, सात भाजी के मॉडल को सभी को अपनाने की बात कही, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन के वैज्ञानिक डॉ श्रीकांत सांवर गाँवकर ने विद्यार्थी गण को संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार लेने के लिए प्रेरित किया और ज्यादा से ज्यादा प्रोटीनयुक्त भोजन ग्रहण करने की सलाह दी।

किशोर बालिका को भगाकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। दिनांक 31.03.2022 को पुलिस चौकी जोबी में किशोर बालिका (17.10 साल) के परिजन आकर दिनांक 18.03.2022 के बालिका के बिना बताये कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराये। बालिका के परिजन बताये कि दिनांक 18.03.2022 के शाम करीब 06:00 बजे घर में किसी को बिना बताये बालिका कहीं चली गई जो वापस नहीं आने पर मोहल्ले, रिश्तेदारों के पास पता तलाश किये, कहीं पता नहीं चला शंका है कि नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगाकर ले गया है। चौकी प्रभारी जोबी उप निरीक्षक थानूराम नायक द्वारा अज्ञात आरोपी पर अपराध क्रमांक 144/2022 धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

चौकी प्रभारी द्वारा बालिका एवं गांव के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि घटना दिनांक से गांव का संतोष कुमार राठिया उर्फ टिल्लु भी गायब था किन्तु टिल्लु अब वापस आ गया है। परिजनों द्वारा टिल्लु राठिया पर लड़की को भगा ले जाने का संदेह व्यक्त किये जाने पर टिल्लु राठिया से चौकी प्रभारी द्वारा कड़ी पूछताछ करने पर टिल्लु राठिया ने बताया कि वह बालिका को भगा ले जाकर गोपालपुर बिहार अपने परिचित/रिस्तेदार के यहां रखा है। तत्काल चौकी प्रभारी जोबी एसआई नायक द्वारा एसपी मीणा एवं एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडेय को अवगत कराकर गोपालपुर (बिहार) रवाना हुये। जहां से बालिका को खरसिया लाया गया। बालिका से पूछताछ कथन, मेडिकल उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376 IPC 6 Pocso Act बढ़ाकर आरोपी संतोष कुमार राठिया उर्फ टिल्लु राठिया चरण सिंह उम्र 21 वर्ष भालूनारा रामनगर थाना खरसिया को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

मामले में बालिका की पतासाजी, आरोपी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी जोबी उप निरीक्षक थानूराम नायक, आरक्षक योगेश कुमार कुर्रे, मुकेश कश्यप की सराहनीय भूमिका रही है।

दर्रीपाली में आयोजित हुआ अंगना म शिक्षा कार्यक्रम

रायगढ़। राज्य शासन के निर्देशानुसार छोटे बच्चों को घर में शिक्षा देने के लिये अंगना म शिक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। अधिकांश पुरुष वर्ग काम-धंधे, रोजगार के चलते घर से बाहर रहते है जिसके कारण उनके घर में छोटे बच्चों की पढाई-लिखाई में सही ढंग से नहीं हो पाती है पाते है इसलिए माताओं को प्रशिक्षित कर शिक्षा के प्रति उन्मुखीकरण किया जा रहा है।

इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये दिनेश कुमार पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर, मनीष सिन्हा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर, मोनिका गुप्ता सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर एवं सुश्री ज्योती श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संकुल केन्द्र पंचपारा, बडेहरदी एव सोडेकेला संकुल के पहली-दूसरी पढ़ाने वाले महिला शिक्षकों का प्रशिक्षण दर्रीपाली में आयोजित किया गया। जहा महिला शिक्षक कार्यरत नही है वहाँ पहली-दूसरी पढ़ाने वाले पुरूष शिक्षक को बुलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या देवी माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के संरपच रघुनाथ कोन्द शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, गाँव के शिक्षा में रूचि रखने वाले गणमान्य, महिला स्व-सहायता समूह एव बढ़ी संख्या में बच्चों के माता उपस्थिति रहे।

संकुल समन्वयक शान्तानु पंडा के द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया एवं श्रवण कुमार साव संकुल समन्वयक द्वारा प्रशिक्षण के महत्व पर माताओं को अवगत कराया गया। सांसद प्रतिनिधि एवं सरपंच रघुनाथ कोन्द एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रत्येक माता-पिता को अपने घर में बच्चों को पढ़ाने के लिए अपील करते हुये प्रेरित किया गया। प्रशिक्षक रिति मिश्रा, कुमारी सुनिता प्रधान एवं बिन्दु के द्वारा नौ प्रकार के गतिविधि करवाया गया तथा माताओं को बताया गया कि घर में खाना बनाते समय या घरेलू कार्य करते समय किस प्रकार प्याज, टमाटर, आलू, भिन्डी, चावल, दाल आदि रसोई सामग्री से बच्चों को किसी प्रकार बुनियादी ज्ञान दे सके इसे सरलता पुर्वक बताया गया। प्रशिक्षक समूह द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधि करवाते हुये स्मार्ट माता एवं स्मार्ट बच्चे का चयन कर सम्मानित किया गया। आभार व धन्यवाद ज्ञापित संकुल समन्वयक पंचानंद निषाद द्वारा किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी पुसौर के कुशल मार्गदर्शन में विकास खंड के अन्य संकुल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम किया गया है जिसमें संकुल केन्द्र गढ़उमरिया, डूमरमुडा, छातामुरा, बुलाकी, गोर्रा, पुटकापुरी शामिल रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480